Regarding railway line in Himachal Pradesh

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : सभापति महोदय, मैं पहाड़ी क्षेत्र, देव भूमि हिमाचल प्रदेश के रेलवे का विषय उठाना चाहता हूं । माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद पूरे देश भर में रेलवे का बजट लगभग दस गुना बढ़ा है । इसका लाभ हमारे हिमाचल प्रदेश को भी मिला है । भानुपाली-बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे लाइन आज तीव्र गति से आगे बढ़ रही है, लेकिन राज्य की सरकार अपनी हिस्सेदारी नहीं दे रही है । इससे दिक्कत हो रही है ।

दूसरा, नांगल-ऊना-तलवाड़ा रेलवे लाइन ऊना तक मोदी जी की सरकार ने बना दी, लेकिन पंजाब की सरकार जमीन का अधिग्रहण नहीं कर रही है, इसके कारण यह रेल लाइन आगे नहीं बन पा रही है । महोदय, हमारी जो ट्रेन चलती हैं, माननीय मोदी जी ने चौथी वंदे भारत ट्रेन पहाड़ी क्षेत्र हिमाचल को दी है । इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं । हिमाचल एक्सप्रेस, ऊना एक्सप्रेस और हरिद्वार की ट्रेन में कुछ दिक्कतें हैं । इन ट्रेनों की साफ-सफाई बिलकुल भी नहीं है । इन ट्रेनों में बहुत पुराने डिब्बे लगे हुए हैं । फर्स्ट एसी और सेकेंड एसी के डिब्बे की हालत बहुत ही खराब है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इन ट्रेनों के डिब्बे को और बेहतर किया जाए, साफ-सफाई और अच्छी की जाए, ताकि आम जनता को सुविधा मिल सके ।